
कान्हा इनोवेशन चैलेन्ज (कान्हा नवाचार प्रतियोगिता)

- गौवंश की पूर्ण सुरक्षा हेतु गौवंश को **उपयोगिता (सप्तगव्य–गौदुग्ध, गौदधि, गौघृत, गोबर, गोमूत्र, गौस्पर्श/गौश्वास और गौरोचन) और उत्पादन** के आधार पर एक आर्थिक विकल्प बनाने की आवश्यकता है।
- कान्हा गौ आश्रय स्थलों को **गौ उद्योगशाला और तीर्थस्थल–पर्यटनस्थल** के रूप में विकसित कर कान्हा गौ आश्रय स्थल को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है।
- उक्त हेतु **"कान्हा नवाचार प्रतियोगिता"** प्रारम्भ किये जाने की योजना है।
- प्रारम्भ में उक्त योजना प्रदेश के समस्त नगर निगमों में प्रारम्भ की जानी है।
- प्रदेश के समस्त नगर निगमों में 03 माह के अन्तर्गत की गयी कार्यवाही के आधार पर निकाय को नवाचार एवं प्रदर्शन अधारित अनुदान (Innovation And Performance Grant) दी जायेगी।

➢ गौ पर्यटन–गौ तीर्थाटन :

- ❖ **‘गौ–परिक्रमा पथ’ ‘साईनेज बोर्ड’** सहित।
- ❖ **‘गोदान स्थल’**–गोप्रेमियों को गौशाला के गौवंशों के गोदान हेतु आवश्यक सशुल्क सुविधाएं उपलब्ध कराना।





- ‘बाल गोपाल उद्यान’ शिशुओं के खेलने/मनोरंजन हेतु झूले, स्लाईडस् युक्त विकसित करना।
- ‘नवग्रह वाटिका’ पंचवटी एवं ‘औषधीय पौधों का वृक्षारोपण’मियावाकी वन क्षेत्र तथा किचेन गार्डेन‘साईनेज बोर्ड’ सहित।




- ‘**गौवंशों को खुले में विचरण हेतु चारागाह**’।

- ‘**गो–सरोवरों**’–सरोवरों के किनारे बैठने हेतु बेन्च, मत्स्य पालन एवं हाईड्रोफाईट पौधों को लगाया जा सकता है। सरकारी योजनाओं से संबंधित सूचना प्रदर्शित करने हेतु साईनेज लगाए जाने चाहिए। बड़े सरोवरों में नौकायन की भी सुविधा उपलब्ध करायी जा सकती है।

- ‘**प्लास्टिक टूरिज्म**’–प्लास्टिक के बोतल इत्यादि में पौधारोपण, प्लास्टिक के ईंट, प्लास्टिक के बोतल से वॉल का निर्माण, प्लास्टिक के रिसाईकिल प्रक्रिया इत्यादि का शैक्षिक प्रदर्शन, सिंगल यूज प्लास्टिक पर लगे प्रतिबन्ध के विषयगत साईनेज।

- ‘**गोमय उत्पाद एवं उनके निर्माण की प्रकिया का प्रदर्शन**’।

- ‘**बायोगैस / बायो सी0एन0जी0 प्लान्ट**’ के संचालन, ऑर्गेनिक फार्मिंग इत्यादि के लाभ का प्रदर्शन।

- ‘**नेपियर घास**’, **जिंजवा, स्थानीय घास** इत्यादि एवं हरे चारे से ‘**हे / साईलेज**’ के निर्माण एवं उनका प्रदर्शन।

- ‘**गौशल्य चिकित्सा / प्राथमिक उपचार**’ के विषयगत साईनेज, शल्य चिकित्सा के उपरान्त ‘**हेयर बॉल / प्लास्टिक अपशिष्ट**’ का प्रदर्शन।

- गौशाला में गायों की प्रजाति, गौरक्षा विषयक कानून, ‘**कान्हा गौशाला मैनेजमेंट मैनुअल**’ **(KGMM)** गाय की महत्ता एवं देखभाल के विषयगत साईनेज।

❖ संबंधित निकाय की ‘**बेस्ट प्रेक्टिसेज**’ यथा कचरा प्रबन्धन, ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन, रेन वाटर हारवेस्टिंग, ए0बी0सी0 सेन्टर इत्यादि के विषयगत महत्वपूर्ण तथ्यों/सूचनाओं/मॉडल का भी प्रदर्शन।

❖ **01 छोटा ‘मीटिंग हॉल**’– गौशाला में उपलब्ध संसाधनों, किये जा रहे नवाचारों इत्यादि के विषयगत 05 से 10 मिनट तक ‘**डॉक्यूमेन्ट्री फिल्म**’ का प्रदर्शन।

❖ ‘**नगर विकास विभाग की प्रमुख योजनाओं**’ के संबंध में जानकारी दिये जाने के विषयगत वॉलपेंटिंग/साईनेज।

❖ पर्यटकों के भ्रमण हेतु ‘**गोकार्ट/बैलगाड़ी सफारी**’।

❖गौशाला में 'गोपेन्ट युक्त ध्यान केन्द्र'।



- ❖ स्लोगन, पेंटिंग, बाला पेंटिंग (BALA-Building As a Learning Aid)।

- ❖ 'अन्नपूर्णा भोजनालय' – पर्यटकों को सशुल्क अल्पाहार/भोजन/हाई टी उपलब्ध कराने हेतु।

- ❖ आगंतुक को पुरस्कार के रूप में **'गौ स्मृति चिन्ह/गो–उत्पाद किट तथा प्रमाण–पत्र'**।

- ❖ **'गौ–ग्रास सेवा योजना'**– गौशाला में प्रति गौवंश के भरण–पोषण हेतु चारे पर आने वाले मासिक व्यय को दृष्टिगत रखते हुए गोप्रेमियों को मासिक/वार्षिक/आजीवन सदस्यता ग्रहण करने हेतु प्रेरित किया जाना।

- **न्यूनतम 02 प्रशिक्षित गाईड**– गौशाला में आगंतुकों को भ्रमण कराने हेतु।
- **गोसंवर्द्धन**–पशुधन विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए।

## ➢ गोमय उत्पाद :–

- ❖ **दूध का विक्रय**– निकाय के गौशाला में उत्पादित दूध, बछड़ों/बछियों (Calves) के देख–भाल हेतु आवश्यक दूध के पश्चात **अवशेष दूध का विक्रय** रजिस्टर्ड सहकारी संस्था यथा पराग डेयरी, इत्यादि या खुले बाजार में, जहाँ विक्रय मूल्य अधिक हो, विक्रय।

- ❖ **गोमय उत्पादन** बायोगैस कम्पोस्ड खाद, गोकाष्ठ, गौमूत्र, गोनाईल, गोमय दीपक–मूर्ति इत्यादि के उत्पादन एवं विक्रय।

❖**पंचगव्य**– गाय का दूध, दही, घी, गोमूत्र और गोबर से **पंचगव्य** बनाकर विपणन कर राजस्व प्राप्त करना।

❖गोबर व गोमूत्र से **जीवामृत, घनजीवामृत आदि जैविक खाद** का उत्पादन एवं वितरण कर राजस्व प्राप्त करना।



## ➢ नवाचार एवं प्रदर्शन अधारित अनुदान (Innovation And Performance Grant)

- उपर्युक्त के विषयगत प्रदेश के समस्त नगर निगमों में 03 माह के अन्तर्गत की गयी कार्यवाही के आधार पर निकाय को नवाचार एवं प्रदर्शन अधारित अनुदान (Innovation And Performance Grant) दी जायेगी।

- उपर्युक्त योजना के अन्तर्गत प्रत्येक क्षेत्र में अधिकतम अंक प्राप्त करने की स्थिति में 01 नगर निगम को अनुदान के रूप में कुल धनराशि 34.50 लाख तथा समस्त नगर निगमों को अनुदान के रूप में कुल धनराशि रूपया 586.50 लाख (34.50 लाख x 17 ) का व्यय संभावित है।

- उक्त अनुदान कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना के अन्तर्गत अन्य मद में प्राविधानित धनराशि से दी जा सकती है।

<table>
<tr><th rowspan="2">क्रं0सं0</th><th colspan="2" rowspan="2">गौशाला में किये गये नवाचार (साईनेज एवं विस्तृत वर्णन सहित)</th><th rowspan="2">नवाचार हेतु निर्धारित अंक</th><th colspan="2">इनोवेशन एण्ड परफॉर्मेंस ग्रांट</th></tr>
<tr><th>प्राप्तांक</th><th>ग्रांट (₹)</th></tr>
<tr><td rowspan="5">1</td><td rowspan="5">गाय सफारी</td><td>गो परिक्रमा पथ का विकास साईनेज सहित</td><td>05</td><td rowspan="5">100<br><br>90<br><br>80</td><td rowspan="5">06.00 लाख<br><br>05.00 लाख<br><br>04.00 लाख</td></tr>
<tr><td>गोदान स्थल का विकास साईनेज सहित</td><td>05</td></tr>
<tr><td>बाल गोपाल उद्यान का विकास</td><td>10</td></tr>
<tr><td>नवग्रह वाटिका, पंचवटी,मियावाकी एवं किचनगार्डन साईनेज सहित</td><td>10</td></tr>
<tr><td>औषधीय पौधों का वृक्षारोपण साईनेज सहित</td><td>10</td></tr>
</table>

| क्र0सं0 | गौशाला में किये गये नवाचार (साईनेज एवं विस्तृत वर्णन सहित) | | नवाचार हेतु निर्धारित अंक | इनोवेशन एण्ड परफॉर्मेंस ग्रांट प्राप्तांक | ग्रांट (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| | गाय सफारी | गोवंश की प्रजाति के विषयगत साईनेज | 05 | 100 | 06.00 लाख |
| | | गौरक्षा विषयक कानून/गाय की महत्ता एवं देखभाल विषयक साईनेज | 05 | 90 | 05.00 लाख |
| | | गौ सरोवर का सौन्दर्यीकरण | 10 | 80 | 04.00 लाख |
| | | प्लास्टिक टूरिज्म हेतु किये गये नवाचार साईनेज सहित | 10 | | |
| | | गोकार्ट/बैलगाड़ी सफारी | 10 | | |
| | | अन्नपूर्णा भोजनालय | 15 | | |
| | | ऑर्गेनिक फार्मिंग के विषयगत जागरूकता एवं प्रदर्शन | 05 | | |

| क्र0 सं0 | गौशाला में किये गये नवाचार (साईनेज एवं विस्तृत वर्णन सहित) | | नवाचार हेतु निर्धारित अंक | इनोवेशन एण्ड परफॉर्मेंस ग्रांट | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | प्राप्तांक | ग्रांट (₹) |
| 2 | चारा आत्मनिर्भरता हेतु | 'हे/साईलेज' का निर्माण एवं प्रदर्शन | 20 | 30 | 05.00 लाख |
| | | गौवंशों को खुले में विचरण हेतु चारागाह | 10 | 20 | 03.00 लाख |
| 3 | चिकित्सा सुविधा हेतु | 1000 गौवंशों का पशुचिकित्सा अधिकारियों द्वारा नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता की स्थिति | 10 | 70<br>60 | 05.00 लाख<br>04.00 लाख |
| | | 1000 से अधिक 5000 गौवंशों तक का पशुचिकित्सा अधिकारियों द्वारा नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता की स्थिति | 30 | 40 | 03.00 लाख |
| | | 5000 से अधिक 10000 गौवंशों तक का पशुचिकित्सा अधिकारियों द्वारा नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता की स्थिति | 30 | 10 | 02.50 लाख |

| क्र0 सं0 | गौशाला में किये गये नवाचार (साईनेज एवं विस्तृत वर्णन सहित) | | नवाचार हेतु निर्धारित अंक | इनोवेशन एण्ड परफॉर्मेंस ग्रांट प्राप्तांक | ग्रांट (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 4 | वित्त पोषण हेतु | गौग्रास सेवा योजना के अन्तर्गत प्रत्येक 100 आजीवन सदस्य बनाते हुए 01 वर्ष का गौग्रास हेतु दान प्राप्त किये जाने पर | 20 | 20<br>40<br>60<br>>60 | 01.00 लाख<br>03.00 लाख<br>04.00 लाख<br>05.00 लाख |
| | | 01 वित्तीय वर्ष में ₹05 लाख से ₹ 10 लाख तक सी0एस0आर0/ जन सहायता से फन्ड प्राप्त किये जाने की स्थिति में। | 15 | 15<br>20<br>25<br>30<br>50<br>100 | 03.00 लाख<br>03.50 लाख<br>04.00 लाख<br>5.00 लाख<br>07.00 लाख<br>10.00 लाख |
| | | ₹10 लाख से अधिक सी0एस0 आर0/जन सहायता से फन्ड प्राप्त किये जाने की स्थिति में प्रत्येक अतिरिक्त ₹ 01 लाख पर | 05 | | |
| | | 01 वर्ष में गौशाला में भ्रमण हेतु आने वाले प्रति 10 स्कूल/कालेज/ विद्यालय की टूर की स्थिति में | 10 | | |

| क्र0 सं0 | गौशाला में किये गये नवाचार (साईनेज एवं विस्तृत वर्णन सहित) | | नवाचार हेतु निर्धारित अंक | इनोवेशन एण्ड परफॉर्मेंस ग्रांट | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | प्राप्तांक | ग्रांट (₹) |
| 5 | गौशाला को उद्योगशाला बनाने हेतु | गोमय उत्पाद का निर्माण, विक्रय एवं प्रदर्शन | 20 | 20 | 02.00 लाख |
| 6 | गोसंवर्द्धन हेतु | पशुधन विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए गोसंवर्द्धन हेतु आवश्यक कार्यवाही किये जाने पर। | 10 | 10 | 0.50 लाख |
| 7 | डिजिटल मॉनिटरिंग हेतु | गौशाला में रखे गये गौवंशों की संख्या, भूसा/चारा भण्डारण, पशुचिकित्सा अधिकारियों के भ्रमण की ऑनलाईन फिडिंग की स्थिति। | 05 | 10 | 01.00 लाख |
| | | गौशाला संचालन हेतु प्राप्त सरकारी/गैर सरकारी अनुदान/गो–उत्पादों के विक्रय/पर्यटन आदि स्रोतों से प्राप्त धनराशि की नियमित रूप से ऑनलाईन फिडिंग की स्थिति। | 05 | 05 | 00.50 लाख |

# धन्यवाद!